## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईटीआई रायगढ़ में अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 21 अप्रैल को

**रायगढ़।** आईटीआई रायगढ़ के कैम्पस में अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 21 अप्रैल 2022 को होगा। जिले के सभी उद्योगों/प्रतिष्ठानों तथा आईटीआई उत्तीर्ण युवा अप्रेंटिसशिप पोर्टल में अपना पंजीयन करें तथा अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु इच्छुक उम्मीदवार समस्त दस्तावेज के साथ 21 अप्रैल को प्रात:10 बजे संस्था में उपस्थित हो सकते है। अप्रेंटिसशिप मेला के दौरान प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रतिष्ठानों का अप्र्रेंटिसशिप पोर्टल में स्पॉट पंजीयन की सुविधा आई.टी.आई.कैम्पस में रहेगी।

### प्रशासन व पुलिस टीम के बीच रविवार 10 अप्रैल को होगा क्रिकेट मैच

**रायगढ़।** जिला स्तरीय अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के टीमों के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन 10 अप्रैल 2022 दिन रविवार को प्रात: 6.30 बजे से बोईरदादर स्टेडियम रायगढ़ में होगा। पूर्व में निर्धारित 9 अप्रैल की तिथि को संशोधित किया गया है।

### पंचायत सचिव केशव प्रसाद गुप्ता निलंबित

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने ग्राम पंचायत धुमाभाठा के पंचायत सचिव केशव प्रसाद गुप्ता को गोधन न्याय योजना के कार्यो में रूचि नहीं लेने, उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं करने एवं अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बतरने के कारण प्रथम दृष्टियां दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पंचायत सचिव गुप्ता को जनपद पंचायत बरमकेला कार्यालय में अटैच किया गया है।

### आईपीएल क्रिकेट पर सट्टा खिलाते 4 पकड़ाए

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में आईपीएल क्रिकेट पर सट्टा खिलाते फिर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 03 आरोपियों को तेलीबांधा थाना क्षेत्र से एवं 01 आरोपी को दीनदयालनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल 13560 रूपये, 04 नग मोबाईल फोन, रेनाल्ड कार जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 6 अप्रैल की रात 11.20 बजे मरीन ड्राईव के सामने से आरोपी रोशनलाल पिता महेन्द्र देवांगन 26 वर्ष एवं एकांत पिता अश्वनी साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 10500 रूपये, 02 नग मोबाईल फोन व रेनाल्ड कार जब्त किया है।

### सट्टा-पट्टी व नकद 14790 रुपये के साथ 4 सटोरिये गिरफ्तार

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले की पुलिस की आईपीएल क्रिकेट में चल रहे सट्टा के अवैध कारोबारियों लगातार कार्यवाही कर रही है, दो दिन पूर्व 05 सटोरियों की गिरफ्तारी के बाद आज 04 सटोरियों को अन्नपूर्णा पारा सेन चौक के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चारो सटोरियों के कब्जे से कुल, 14790 रुपये नकद एवं सट्टा-पट्टी जप्त कर सटोरियों के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधत्मक कार्यवाही भी किया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर अन्नपूर्णा पारा सेन चौक के पास से सट्टा-पट्टी लिख रहे सटोरिये शेख शोएब पिता हैदर के कब्जे से सट्टा-पट्टी एवं 5260 रुपया नकद, शाहरुख खान पिता याकूब खान के कब्जे से सट्टा-पट्टी एवं 2110 रुपए नकद, चंगेज खान ईरानी पिता नौशाद अली ईरानी के कब्जे से सट्टा-पट्टी एवं 5860 रुपया नकद, अख्तर ईरानी पिता अस्मत अली ईरानी के कब्जे से सट्टा-पट्टी एवं 1560 रुपये नगद जप्त कर चारों सटोरियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 117/22, 118/22, 119/22, 120/22 धारा 04 का जुआ एक्ट की कार्यवाही किया गया।

# लूटपाट करने वाला आरोपी युवक व अपचारी बालक गिरफ्तार

**आरोपियों से लूट की बाइक, 2 मोबाइल व चाकू जब्त**

**रायगढ़।** दिनांक 05/04/2022 के शाम थाना लैलूंगा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सोहनपुर पेट्रोल पंप के पास लैलूंगा से लिफ्ट लेकर आ रहे दो लड़के आधे रास्ते में लिफ्ट देने वाले का ही मोटर सायकल, मोबाइल और 500 रूपये को लूटकर भाग गये थे। लूटपाट की सूचना एसपी अभिषेक मीणा को मिलने पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को शीघ्र माल मुल्जिम पतासाजी कराने का निर्देश दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर टीआई लैलूंगा रूपेन्द्र नारायण साय द्वारा प्रार्थी/पीड़ित आकाश यादव पिता बोधराम यादव 18 वर्ष ग्राम पाली पोस्ट गेरवानी थाना पूंजीपथरा से पूछताछ किया गया जो बताया कि दिनांक 03/04/2022 को लैलूंगा के राजपूत ढाबा गया था, जहां मोबाइल छूट गया था। मोबाइल को ढाबा से लाने दिनांक 05/04/2022 को अपने साथी मनकु साय पिता रनमोहन साय 21 वर्ष ग्राम बोंकी चौकी आरा थाना जशपुर के साथ पाली से मोटर सायकल CG 13 AK 6384 में लैलूंगा राजपूत ढाबा गया था। जहां से मोबाइल लेकर शाम करीब 05 बजे वापस घर ग्राम पाली जाने बाइक पर निकले कि लैलूंगा चौंक के पास अंकित पाण्डेय नाम का युवक हाथ देकर मोटर सायकल रोकवाया, वे दो लोग थे। वे बोले कि ज्यादा दूर नहीं जायेंगे, केवल 1 km तक ले चलो। तब मोटर सायकल पर उन दोनों को बिठाकर फिर चारों एक मोटर सायकल पर बैठकर रायगढ़ की ओर आ रहे थे कि कुछ दूर बाद सोहनपुर पेट्रोल पंप के पास अंकित पाण्डेय मोटर सायकल रूकवाकर दोनों को उतरने के लिये बोला। उसके बाद अंकित पाण्डेय और उसका साथी मोटर सायकल का चाबी, दो मोबाइल और 500 रूपये को लूट कर के भाग गये।



थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक रूपेन्द्र साय द्वारा आहतों को मौके ले जाकर मार्ग के सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया जिससे एक आरोपी के अंकित पाण्डेय का होना पुख्ता होने पर रातभर आरोपी अंकित पाण्डेय व उसके साथी के मिलने के ठिकानों पर दबिश दिया गया। दूसरे दिन सुबह आरोपी अंकित पाण्डेय एवं उसके साथी अपचारी बालक (16 साल) को हिरासत में लिया गया। पीड़ितों के समक्ष आरोपी अंकित पाण्डेय और विधि के साथ संघर्षरत अपचारी बालक की पहचान कार्रवाई कर आरोपी के मेमोरेंडम पर लूट की हुई मोटर सायकल और 2 मोबाइल (कुल कीमत-70,000 रूपये), एक चाकू की जप्ती की गई है। लूट के 500 रूपये का आरोपी अंकित पाण्डेय द्वारा पेट्रोल भरा देना बताया। लूटपाट के आरोप में आरोपी अंकित पाण्डेय पिता स्व. विनोद कुमार पाण्डेय उम्र 21 साल बाजारपारा लैलूंगा एवं अपचारी बालक 15 वर्ष को आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है । एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी लैलूंगा को आरोपी अंकित पाण्डेय को निगरानी बदमाश सूची में लाने आरोपी के अपराधिक रिकार्ड की जानकारी तैयार कर मय प्रतिवेदन विधिवत पुलिस अधीक्षक महोदय की ओर प्रेषित करने निर्देशित किया गया है।

आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा रूपेंद्र नारायण साय, सहायक उपनिरीक्षक टी.आर. खुंटिया, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, अनिल साहू, आरक्षक हिलारियुस लकडा, प्रमोद भगत की सराहनीय भूमिका रही है।

## चिटफंड कंपनी की कृष्णा शॉपिंग मॉल स्थित 3 दुकानों की होगी नीलामी

**बोली लगाने के लिए 12 अप्रैल शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते है अमानत राशि**

**रायगढ़।** अनमोल इंडिया एग्रो हर्बल फार्मिंग एंड डेयरीज केयर कंपनी लिमिटेड के अचल संपत्ति कृष्णा क्राउन (कृष्णा शॉपिंग मॉल)3 फ्लोर दुकान नंबर 34, 35 एवं 36 लक्ष्मीपुर चौक सेठ किरोड़ीमल नगर चौक, मुख्य मार्ग जगतपुर तहसील व जिला-रायगढ़ में स्थित कुल रकबा 81.144 वर्गमीटर/873.11 वर्गफीट के संबंध में नीलामी की कार्यवाही तहसील कार्यालय, रायगढ़ द्वारा की जा रही है। उक्त संपत्ति के लिए सरकारी कीमत (आफसेट मूल्य) 32 लाख 43 हजार 878 रुपये निर्धारित है।

उक्त संपत्ति के इच्छुक खरीददारों द्वारा तहसील कार्यालय, रायगढ़ में कार्यालयीन समयावधि (अवकाश दिवस को छोड़कर) में तथा नीलाम के स्थान और समय पर भी देखा सकेगा। उक्त संपत्ति के इच्छुक उम्मीदवारों को अमानत राशि आफसेट मूल्य का 10 प्रतिशत 3 लाख 24 हजार 400 रुपये का एफडीआर/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराये जाने के उपरांत ही खुली नीलामी में बोली लगाने की अनुमति दी जाएगी। अमानत राशि का एफडीआर/डिमाण्ड ड्राफ्ट कलेक्टर रायगढ़ के नाम से तहसील कार्यालय रायगढ़ कक्ष क्रमांक 14 में कार्यालयीन समयावधि 12 अप्रैल 2022 संध्या 5.30 बजे तक जमा किया जा सकेगा। ऐसे आवेदक जो निर्धारित अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2022 तक अमानत राशि नियत समयावधि में तहसील कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 14 में जमा करते है तो नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए रायगढ़ जिले की वेबसाईट के https://raigarh.gov.in/en/notice_category/announcements/ इस लिंक पर जाकर प्राप्त की जा सकती है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस: केएमटी कालेज में हुआ जिला स्तरीय आयोजन

**विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को दी गयी बेहतर स्वास्थ्य के लिए जानकारी**

**रायगढ़।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज किशोरी मोहन त्रिपाठी शासकीय महिला महाविद्यालय में जनजागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का थीम our planet our health पर जानकारी दी गई। जिसमें जलवायु परिवर्तन होने के कारण हमारे जीवन पर, स्वास्थ्य पर, आर्थिक स्थिति पर, होने वाले प्रभाव, बचाव के बारे में एवं दैनिक दिनचर्या के उदाहरणों को लेकर कॉलेज के छात्राओं को स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, जिला स्वास्थ्य परिवार एवं कल्याण अधिकारी डॉ.एस.टोप्पो, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.भावना महलवार, एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.योगेश पटेल, शहरी डॉ.राकेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अधिकारी श्रीमति उमा महंत उपस्थित रहे। साथ ही जिले के समस्त विकासखंडो के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में खंड चिकित्सा अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर सभी युवा पीढ़ी बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। इस वर्ष की थीम का प्रमुख उद्देश्य पृथ्वी के हर मनुष्य के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना है। विकासखंडों में वृद्धजनों के लिये विशेष रूप से कैंप का आयोजन किया गया। आज की युवा पीढ़ी में जिंदगी और बदलती जीवन शैली की भागदौड़ में गलत खान -पान के कारण मानसिक तनाव, बीपी, शुगर, कैंसर जैसी बीमारियों के शिकार होते जा रहे है। इन्हीं परेशानियों से लोगों को उबारने के लिये प्रत्येक वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाते हुए चिकित्सकों के जरूरी परामर्श के साथ जन जागरूक कर स्वस्थ जीवन प्रदान करने के लिये मनाया जाता है।

## शासन की नीतियों का असर, लक्ष्य से 43 प्रतिशत अधिक राजस्व की प्राप्ति

**वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1 अरब 12 करोड़ 94 लाख रुपये का राजस्व हुआ प्राप्त**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी व आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने वाली नीतियों का जमीनी असर दिख रहा है। कोरोना काल की पाबंदियों को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश अर्थव्यवस्था की मजबूती की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शासन की आर्थिक सशक्तीकरण की योजनाओं के साथ नगर निगम क्षेत्र में गाईड लाईन दर पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का बड़ा असर जमीनों की खरीदी-बिक्री में रहा जिससे शासन को पंजीयन से प्राप्त होने वाले राजस्व में वृद्धि के रूप में देखने को मिला। रायगढ़ जिले में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1 अरब 12 करोड़ 94 लाख रुपये का पंजीयन राजस्व प्राप्त किया गया। जो कि मिले लक्ष्य से भी 43 प्रतिशत अधिक रहा। इस साल पिछले वर्ष के मुकाबले प्रतिमाह 140 पंजीयन ज्यादा हुए।

जिला पंजीयक पुष्पलता धुर्वे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में पंजीयन विभाग द्वारा रायगढ़ को फरवरी 2022 तक 61 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया था। निर्धारित समयावधि में उक्त लक्ष्य का 167 प्रतिशत आय प्राप्त किया गया था। पंजीयन महानिरीक्षक अधीक्षक एवं मुद्रांक द्वारा लक्ष्य को पुनर्निधारण कर 78.50 करोड़ रुपये किया गया। उक्त लक्ष्य को भी जिला द्वारा न केवल सफलता पूर्वक प्राप्त किया गया बल्कि लक्ष्य के विरूद्ध 143.88 प्रतिशत की आय अर्जित की गयी। उन्होंने कहा कि कलेक्टर भीम सिंह के सतत मार्गदर्शन में जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर भीम सिंह ने इसके लिए जिला पंजीयक तथा उनकी पूरी टीम को बधाई दी है।




**आय के आंकड़े-** जिला पंजीयक कार्यालय रायगढ़ अंतर्गत उप पंजीयक कार्यालयों में रायगढ़ से 49 करोड़ 32 लाख, सारंगढ़ से 6 करोड़ 96 लाख, खरसिया से 5 करोड़ 78 लाख, घरघोड़ा से 42 करोड़ 33 लाख सहित 106 करोड़ 57 लाख रुपये तथा ई-स्टाम्प से 6 करोड़ 77 लाख रुपये मिलाकर कुल 1 अरब 12 करोड़ 94 लाख रुपये की आय अर्जित की गयी। जो कि दिए गए लक्ष्य से भी 43 प्रतिशत अधिक रहा।

**पिछले वर्ष के मुकाबले प्रतिमाह 140 पंजीयन ज्यादा हुए-** पंजीयन कार्यालय में इस वर्ष पंजीबद्ध दस्तोवजों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 1714 अधिक रही। गत वित्तीय वर्ष में जहां 11 हजार 474 रजिस्ट्रियां हुयी थी। वहीं इस वर्ष पंजीबद्ध दस्तावेजों की संख्या 13 हजार 188 रही। इस साल पिछले वर्ष के मुकाबले प्रतिमाह 140 पंजीयन ज्यादा हुए।

## राजीव गांधी आश्रय योजना/मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत पट्टाधारियों को भूमिस्वामी हक प्रदाय के लिए लगा मेगा कैंप

**1280 ने लिया लाभ, 210 के आवेदनों पर मौके पर ही हो गयी कार्यवाही, 20 अप्रैल को फिर से लगेगा मेगा कैम्प**

**रायगढ़।** राजीव गांधी आश्रय योजना/मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत् पट्टाधारियों को भूमिस्वामी हक प्रदाय करने के संबंध में आज ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में एक दिवसीय शिविर/मेगा कैम्प आयोजित किया गया। जिसका 280 लोगों ने लाभ उठाया। मौके पर ही 210 लोगों के आवेदन लेकर कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए ईश्तहार जारी करने के लिए प्रक्रिया पूरी की गयी। वहीं 70 लोगों ने भूमि स्वामी हक के लिए आवेदन प्राप्त किया। इस मौके पर हितग्राहियों को लोन उपलब्ध कराने बैंकों के अधिकारी भी मौजूद रहे। जिनके समक्ष 42 हितग्राहियों ने लोन के लिए आवेदन किया।






इस अवसर पर कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि राजीव गांधी आश्रय योजना व मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत ऐसे पट्टाधारियों को भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने की योजना शासन द्वारा प्रारंभ की गयी है। इसके लिए पट्टाधारियों को वर्तमान गाईड लाईन के आधार पर एक निश्चित राशि देने पर वे भूमि स्वामी हक प्राप्त कर सकते है। इस कैम्प के आयोजन का उद्देश्य ऐसे लोगों को योजना का लाभ देना है। साथ ही यहां बैंकों के द्वारा इच्छुक हितग्राहियों को लोन उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गयी है।

उल्लेखनीय है की छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राजीव गांधी आश्रय योजना/मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत प्रदत्त पट्टे की भूमि का वर्तमान कब्जे के आधार पर पटटेदार राज्य शासन से भूमि स्वामी हक प्राप्त करना चाहता है तो वर्तमान गाईड लाईन पर निर्धारित बाजार मूल्य की 20+2' राशि देय होगी, यदि पट्टेदार ने अन्य को भूमि अंतरित कर दिया है, तो उक्त कब्जेदार को वर्तमान गाईड लाईन दर पर निर्धारित बाजार मूल्य के 40+2' राशि जमा करना होगा। पट्टाधारी/हितग्राही शिविर में ही पट्टे की छायाप्रति व आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं। इस माह की 20 अप्रैल 2022 को पुन: यह मेगा कैम्प लगाया जाएगा। उक्त शिविर में नजूल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर कंवर सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी व हितग्राहियों को लोन प्रदाय करने में सहयोग हेतु बैंक के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एरिया डॉमिनेशन के दौरान मिला 6 केजी का आईईडी बरामद

**थाना बासागुड़ा और सीआरपीएफ 168 की संयुक्त कार्यवाही**

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत थाना बासागुड़ा के जवान और सीआरपीएफ 168 बटालियन की संयुक्त पार्टी एरिया डॉमिनेशन व रोड ओपनिंग ड्यूटी पर बासागुड़ा से सारकेगुड़ा, राजपेंटा, कोत्तगुड़ा की ओर निकली थी। एरिया डॉमिनेशन से वापसी के दौरान कोत्तगुड़ा बस्ती से महज 400 मीटर की दूरी पर नाला के पास दो पेड़ो के बीच जवानों को नुकसान पहुंचाने उद्देश्य से माओवादियों द्वारा आईईडी प्लांट किया गया था, प्लांट किया गया आईईडी मैकेनिज्म का था। जवानों को वापसी के दौरान नाले के किनारे तार दिखाई दिया जिसके बाद तर्रेम स्थित सीआरपीएफ 168 बटालियन डी की बीडीएस टीम को सूचना दिया गया । बीडीएस की टीम मौके पर पहुंच कर आईईडी को निष्क्रिय किया।

जिले में शासन प्रशासन द्वारा कराय जा रहे सडक़ निर्माण कार्य को प्रगति देने के लिए लगातार सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा गश्त सर्चिंग चलाने के साथ साथ निर्माण कार्य मे लगे मजदूर और मशीनों को भी सुरक्षा प्रदाये किया जा रहा है। समय रहते सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा आईईडी बरामद कर उसे निष्क्रिय करते हुए बड़ी घटना को टालते हुए माओवादियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक समपन्न

**रायगढ़।** जिले में कोरोना से कुछ राहत के बाद सर्व समाज इस साल रामनवमी शोभा यात्रा को भव्य रुप से मनाये जाने की तैयारी पर है, इस साल शोभायात्रा में कुछ झांकियां भी देखा जा सकता है। जिसे देखते हुए आज दिनांक 07.04.2022 को पुलिस कंट्रोल रूम में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा शोभा यात्रा समिति के सदस्यों के साथ शांति समिति की बैठक ली गई।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं एसडीएम युगल किशोर उर्वशा द्वारा उपस्थित सदस्यगण से विस्तृत रूप से चर्चा कर रामनवमी शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्य रूप से मनाने की अपील किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा जिला प्रशासन और पुलिस को आश्वस्त किया कि इस बार की शोभायात्रा भी शांतिपूर्ण रूप से समपन्न होगा। समिति के सदस्यों द्वारा जिला प्रशासन से ट्रैफिक को डायवर्ट करने की मांग किया गया जिस एएसपी पटले द्वारा शोभायात्रा के दिन कई स्थानों पर ट्रैफिक को डायवर्ट करने तथा अतिरिक्त बल के साथ व्यवस्था संभालने की जानकारी दिया गया।

एएसपी बताये कि भीड़ में हुड़दंग करने वालों पर सख्ती से कानूनी कार्यवाही की जाएगी। समिति के सदस्यों ने शोभायात्रा में करीब 50 समाज के 25-30 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना बताया गया है। इसके अलावा इस बार बाहर से भी कई झांकियां मंगाये जाने की जानकारी दी गई है जो शोभायात्रा में सम्मिलित रहेंगे। शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों शहर के गणमान्य नागरिकों तथा मीडिया साथियों एवं शहर के थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

## नव विवाहिता के आत्महत्या मामलों में सारंगढ़ और सरिया थाने में आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने का अपराध दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 07.04.2022 को थाना सारंगढ़ और सरिया में नव विवाहिता के मर्ग जांच पर महिला को आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने वालों पर धारा 306 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

थाना सरिया के मर्ग क्रमांक 43/2021 धारा 174 जा.फौ. की मर्ग जांच थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा किया गया है। जांच पर पाया गया कि मृतिका प्रतिमा चौहान पति हीरालाल चौहान उम्र 19 वर्ष साकिन अमेरी थाना सरिया जिला को उसका पति हीरालाल चौहान पिता स्व. मधुलाल चौहान उम्र 24 वर्ष साकिन अमेरी तथा मृतिका की सास हेमकुंवर चौहान पति स्व. मधुलाल चौहान उम्र 55 वर्ष साकिन अमेरी घरेलू बात को लेकर परेशान एवं प्रताडित करते थे। पति व सास की प्रताड़ना से क्षुब्ध जिससे प्रतिमा चौहान क्षुब्ध होकर दिनांक घटना 11/11/2021 के सुबह अपने मकान में स्वयं के उपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली थी जो ईलाज दौरान दिनांक 14/11/2021 को जिंदल अस्पताल रायगढ में फौत हो गई। मर्ग जांच पर मृतिका के पति व सास के विरूद्ध अपराध धारा 306,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। दोनों आरोपी फरार हैं।







थाना सारंगढ़ के मर्ग क्रमांक 27/2022 धारा 174 CrPC में मृतिका नव विवाहिता लकेश्वरी जांगडे पति खगेश जांगडे उम्र 21 वर्ष साकिन पचपेडी की मृत्यु आग से जलने से आत्महत्या करने की जांच कार्यपालिक दण्डाधिकारी नायब तहसीलदार सारंगढ के द्वारा शव पंचनामा कार्यवाही एवं मृतिका के माता पिता, स्वतंत्र गवाहों का कथन एवं पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त किया गया। जांच पर पाया गया कि मृतिका के पति खगेश जांगडे के द्वारा शादी के बाद से हमेशा शराब पीकर छोटी छोटी घेरलू और पुत्र नहीं हो रहा है कहकर हमेशा मारपीट कर प्रताड़ित करता रहता था। पति खगेश जांगडे के द्वारा हमेशा शराब पीकर मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रुप से प्रताडित करने एवं आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के कारण लकेश्वरी जांगडे दिनांक 07/03/2022 के दोपहर अपने स्वयं के शरीर में मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली। आरोपी खगेश जांगडे पर थाना सारंगढ़ में धारा 306 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480